





## रानी मुखर्जी को मानद डॉक्टरेट

इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न को यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि मशहूर अभिनेत्री और समाजसेवी रानी मुखर्जी को 2026 के फेस्टिवल के दौरान ला ट्रोब यूनिवर्सिटी की ओर से प्रतिष्ठित ऑनरेरी डॉक्टर ऑफ लेटर्स (मानद डॉक्टरेट) की उपाधि से सम्मानित किया जाएगा।यह सम्मान 14 अगस्त 2026 को मेलबर्न के फेडरेशन स्क्वायर में आयोजित एक विशेष समारोह में दिया जाएगा। यह सम्मान भारतीय सिनेमा में रानी मुखर्जी के बेहतरीन योगदान के साथ-साथ महिलाओं, बच्चों और समाज के वंचित वर्गों के लिए किए गए उनके लंबे सामाजिक कार्यों को मान्यता देता है।

## ‘जगद्धात्री’ में मिश्मी दास की एंट्री



शो ‘जगद्धात्री’ का हालिया शादी वाला ट्रैक दर्शकों के लिए कई बड़े सरप्राइज लेकर आया। लंबे इंतजार के बाद आखिरकार दर्शकों ने शिवाय (फरमान हैदर) और जगद्धात्री (सोनाक्षी बत्रा) की बहुप्रतीक्षित शादी देखी। लेकिन शादी की पहली ही रात शिवाय ने जगद्धात्री को तलाक के कागज थमा दिए। उसका मानना था कि शादी और रिश्ते जैसे पवित्र बंधन का मजाक नहीं बनना चाहिए। उसने जगद्धात्री से कहा कि उसके पास अपना मिशन पूरा करने के लिए छह महीने हैं। इसके बाद दोनों का तलाक हो जाएगा। इस पूरे घटनाक्रम की सबसे भावुक बात यह रही कि इसी बीच जगद्धात्री को पहली बार एहसास हुआ कि वो शिवाय से प्यार करने लगी है। अब जगद्धात्री ने एक बार फिर अपना पूरा ध्यान अपने मिशन पर लगा दिया है। मरने से पहले मूसा यह खुलासा कर गया कि असली गुनहगार देशमुख परिवार का ही कोई सदस्य है। जैसे ही उसका यह अहम मिशन आगे बढ़ता है, शिवाय और जगद्धात्री की ज़िंदगी में एक और बड़ा ट्विस्ट दस्तक देने वाला है।अब पुलिस टीम में एसएसपी जाह्नवी गांगुली की एंट्री होने जा रही है। जाह्नवी कभी शिवाय और जगद्धात्री की बैचमेट हुआ करती थी, लेकिन अब वो साधु सर की जगह उनकी सीनियर ऑफिसर बनकर आई है। उसकी एंट्री के साथ टीम की पूरी तस्वीर बदलने वाली है। इस दमदार किरदार में अभिनेत्री मिश्मी दास नजर आएंगी।

## असली मायनों में पैन-इंडिया सिनेमा अभी नहीं बना



अभिनेता और लेखक अड़ीवी सेश ने भारतीय सिनेमा के बदलते दौर पर अपनी राय रखते हुए कहा है कि फिल्म इंडस्ट्री को अभी भी लंबा सफर तय करना है, इससे पहले कि वह खुद को सही मायनों में ‘पैन-इंडिया’ कह सके।अड़ीवी सेश की हालिया फिल्म डकैत - एक प्रेम कथा की शूटिंग एक साथ हिंदी और तेलुगु में की गई थी। इसके बाद इसे देशभर के दर्शकों के लिए कई भाषाओं में डब किया गया। सेश का मानना है कि आज भी फिल्मों को भाषा के आधार पर अलग-अलग श्रेणियों में बांटना इस बात का संकेत है कि भारतीय सिनेमा अभी भी एक अदृश्य दीवार को पूरी तरह पार नहीं कर पाया है।पिछले कुछ वर्षों में ‘मेजर’ और अब डकैत - एक प्रेम कथा जैसी फिल्मों के ज़रिए अड़ीवी सेश ने अलग-अलग भाषाओं के दर्शकों के बीच अपनी मज़बूत पहचान बनाई है। उन्होंने आगे कहा, ‘भाषा सिर्फ अपनी बात कहने का माध्यम होनी चाहिए, कोई सीमा नहीं। आज के दर्शक पहले से कहीं ज़्यादा खुले विचारों वाले हैं।

## इस रोल ने मुझे आत्मविश्वास दिया

शो ‘थोड़ी सी उम्मीद थोड़ा सा आसमान’ दर्शकों को काफी पसंद आ रहा है। शो की दिलचस्प कहानी के साथ-साथ इसके किरदार भी लोगों का ध्यान खींच रहे हैं। इनमें से एक है अनुप्रिया, जिसका किरदार अंकिता बहुगुणा निभा रही हैं। अपने किरदार के बारे में अंकिता ने कहा, ‘मैं शो में अनुप्रिया का किरदार निभा रही हूँ। वह पढ़ी-लिखी, आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी लड़की है। वह अपनी माँ के साथ मिलकर अपनी कंपनी चलाती है। अनुप्रिया अपनी ज़िंदगी में अच्छी तरह से सेटल है और उसे पता है कि उसे जीवन में क्या चाहिए। , ‘अनुप्रिया का किरदार निभाना मेरे लिए बिल्कुल नया अनुभव है, क्योंकि मैंने इससे पहले ऐसा किरदार कभी नहीं निभाया। इस रोल को निभाते हुए मुझे भी एक नया आत्मविश्वास मिला है।



## सैयामी को आवाज़ देंगी श्रेया घोषाल

अभिनेत्री सैयामी खेर ने हाल ही में मशहूर पार्श्व गायिका श्रेया घोषाल के साथ एक खास पल साझा किया। यह मुलाकात निर्देशक विक्रम फडनीस की आगामी अनटाइटल्ड फिल्म के एक महत्वपूर्ण गाने की रिकॉर्डिंग के दौरान हुई। सैयामी रिकॉर्डिंग स्टूडियो पहुंचीं, जहां श्रेया इस फिल्म के एक अहम गीत को अपनी आवाज़ दे रही थीं। सैयामी खेर ने कहा, ‘मैं हमेशा से श्रेया की बहुत बड़ी फैन रही हूं और उन्हें अपना दोस्त भी मानती हूं। फिल्म के निर्देशक विक्रम फडनीस ने बताया कि जब जावेद साहब ने इस गीत के बोल लिखे और हिमेश ने इसकी धुन तैयार की, तो हम सभी ने एकमत से श्रेया घोषाल का नाम चुना। इस गाने को ऐसी आवाज़ की जरूरत थी जो सीधे लोगों के दिलों तक पहुंचे और हमें लगा कि श्रेया से बेहतर इसके लिए कोई नहीं हो सकता।



## श्रेया कालरा असली गेम चेंजर

मनोरंजन जगत में रिश्ते अक्सर सुर्खियां बटोरते हैं, लेकिन जब कोई कलाकार किसी साथी की प्रतिभा पर खुलकर भरोसा जताता है, तो उसकी अहमियत और बढ़ जाती है। बिग बॉस फेम सोनिया बंसल ने श्रेया कालरा के लिए यही भरोसा दिखाया है।सोनिया ने कहा कि श्रेया सिर्फ उनकी अच्छी दोस्त ही नहीं, बल्कि बेहद मेहनती, समर्पित और प्रोफेशनल इंसान हैं। उन्होंने याद किया कि श्रेया पहले उनका इंटरव्यू भी ले चुकी हैं और तभी से उन्होंने उनकी लगन और काम के प्रति ईमानदारी को करीब से देखा है। सोनिया का विश्वास है कि श्रेया का आत्मविश्वास, समझदारी और सकारात्मक व्यक्तित्व लॉक अप सीज़न 2 में उन्हें अलग पहचान दिलाएगा।



## कार्टून कोना....




## शर्वरी एक बिल्कुल नए डांस स्पेस में



ऐल्फा सिनेमाघरों में दर्शकों का मनोरंजन कर रही है और फिल्म का नया गाना शैम्पेन खास चर्चा में बना हुआ है। दर्शक इस गाने में शर्वरी की जबरदस्त एनर्जी , सहज डांस मूव्स और शानदार स्क्रीन प्रेजेंस की खूब तारीफ कर रहे हैं। विजय गांगुली द्वारा कोरियोग्राफ किए गए इस हाई-ऑक्टेन ट्रैक में शर्वरी एक बिल्कुल नए डांस स्पेस में नजर आती हैं, और अब कोरियोग्राफर ने इस गाने के लिए उनकी मेहनत और समर्पण के बारे में खुलकर बात की है। शर्वरी के साथ लोकप्रिय गाने तरस में काम कर चुके विजय गांगुली ने बताया कि एक परफॉर्मर के रूप में वह कितनी आगे बढ़ चुकी हैं। उन्होंने कहा, ‘जब हमने तरस किया था, तब शर्वरी को रिहर्सल के लिए पर्याप्त समय नहीं मिला था, लेकिन फिर भी उन्होंने अपने एक्सप्रेशन्स, ग्रेस और डांस से उसे बहुत खूबसूरती से निभाया।

## ‘माफी’ को व्हाट्सऐप पर आते ही दी मंजूरी



स्वानंद किरकिरे ने राजकुमार हिरानी की पहली वेब सीरीज़ ‘प्रीतम एंड पेड्रो’ के रेट्रो अंदाज़ वाले गाने ‘माफी’ से जुड़ा एक दिलचस्प किस्सा साझा किया है। श्रोताओं का खूब प्यार बटोर रहे इस भावुक गाने की शुरुआत भी बेहद अनोखी रही। स्वानंद ने इस गाने का बड़ा हिस्सा गोवा में अपनी एक फिल्म की शूटिंग के दौरान व्यस्त शेड्यूल के बीच व्हाट्सऐप पर लिखा। इस गाने को श्रेया घोषाल ने अपनी आवाज़ दी है, शांतनु मोइत्रा ने इसका संगीत तैयार किया है और इसे मोना सिंह पर फिल्माया गया है, जो सीरीज़ में एक अहम भूमिका निभा रही हैं।शूटिंग में व्यस्त होने के बावजूद स्वानंद का पूरा ध्यान इस गाने की भावनाओं पर बना रहा। शूटिंग के बीच मिलने वाले छोटे-छोटे ब्रेक में वह अपने फोन पर गाने की लाइनें लिखते और सीधे राजकुमार हिरानी को व्हाट्सऐप पर भेज देते। जैसे ही हिरानी ने गीत पढ़ा, उन्होंने तुरंत उसे मंजूरी दे दी।

## राजीव खंडेलवाल के साथ नेहा कक्कड़ का फैन-गर्ल मोमेंट

राजीव खंडेलवाल द्वारा होस्ट किया जाने वाला ‘तुम हो ना - घर की सुपरस्टार’ का आगामी एपिसोड एक दिल छू लेने वाला पल लेकर आएगा, जब गायिका नेहा कक्कड़ अभिनेता राजीव खंडेलवाल के साथ पुरानी यादों को ताजा करेंगी। , नेहा ने साझा किया, ‘तो इंडियन आइडल की बात है। मुख्य प्रतियोगी थी और मुझसे सोनी चैनल ने पूछा, ‘आपका पसंदीदा सेलिब्रिटी कौन है? उनका नाम बताएं।’ मैंने बोला, ‘राजीव खंडेलवाल’। फिर, अपने पति रोहनप्रीत की ओर इशारा करते हुए, नेहा मजाक में कहती है, ‘मुझे पता है ये इनको सुन के थोड़ा ईर्ष्यालु महसूस हो रहा होगा। मुझे दरअसल, चिकनपॉक्स हो गया था और उस समय मुझे इंडियन आइडल बंद करना पड़ा था। मैं घर पर आराम कर रही हूं।’ थी और जब मैं रिज्यूमे करने वाली थी, तो मुझे जल्दी ठीक होने के लिए घर पर कौन आया था? राजीव खंडेलवाल। एपिसोड में राजीव और नेहा का वही वीडियो नेहा के लिए सरप्राइज के तौर पर चलाया गया, जिससे सभी हैरान रह गए। विशेष क्षण पर प्रतिक्रिया देते हुए, राजीव ने कहा, ‘पहली बात ये है कि मैं नेहा के सामने गाना गा रहा हूं, मैंने अभी देखा, मेरी हिम्मत थी कि मैं इस के सामने गाना गा रहा था। ‘



## ‘बंटवारा 1947’ के प्रचार के लिए आमिर खान प्रोडक्शंस का मेगा मिशन

’बंटवारा 1947’ का टीजर रिलीज होते ही पूरे देश में छा गया था। आमिर खान प्रोडक्शंस की सनी देओल स्टारर फिल्म ‘बंटवारा 1947’ को लेकर मेकर्स अब तक का सबसे बड़ा प्रमोशनल कैंपेन शुरू करने जा रहे हैं। फिल्म के प्रचार के लिए टीम देश के 12 बड़े शहरों का दौरा करेगी। इसे फिल्म का सबसे बड़ा सिटी टूर माना जा रहा है। खास बात यह है कि भारतीय सिनेमा में पहली बार किसी फिल्म के लिए इतने बड़े स्तर पर 12 शहरों का प्रमोशनल टूर किया जा रहा है, जिससे दर्शकों के बीच फिल्म को लेकर एक्साइटमेंट और भी बढ़ गई है।’बंटवारा 1947’ के साथ यह चर्चित थिएटर मास्टरपीस अब बड़े पर्दे पर एक भव्य अंदाज में आने के लिए तैयार है। फिल्म में सनी देओल, शबाना आजमी, प्रीति जी जिंटा, करण देओल, अली फजल, अभिमन्यु सिंह, खुशी हजारे और कनिका कपूर अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। आमिर खान प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी ‘बंटवारा 1947’ का निर्देशन राजकुमार संतोषी ने किया है। फिल्म का संगीत ए. आर. रहमान ने दिया है, जबकि इसके गाने जावेद अख्तर ने लिखे हैं।

